

फैंस कर रहे पसंद

जहां यह तस्वीर इंटरनेट पर वायरल हो रही है, वहीं अनुष्का शर्मा और विराट कोहली एक–दूसरे की बाहों में हाथ डाले हुए कपल गोल्स देते नजर आ रहे हैं। फैंस इसे काफी पसंद कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर फास्ट बोलर मोहम्मद शमी ने एक पिक्चर शेयर की। इसमें वह टीम के खिलाड़ी नवदीप सैनी और अनुष्का व विराट के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं।

## दोस्तों के साथ क्वॉलिटी टाइम स्पेंड करते दिखे विराट और अनुष्का

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश के सबसे प्यारे कपल्स में से एक माने–जाने वाले अनुष्का शर्मा और विराट कोहली इन दिनों न्यू जीलैंड में हैं। ऐसा लग रहा है कि वे अपने बिजी प्रफेशनल शेड्यूल से समय निकालकर दोस्तों के साथ मस्ती कर रहे हैं।

जहां इंडियन क्रिकेट टीम इस वक्त न्यू जीलैंड में टूर पर है, वहीं अनुष्का भी यहां अपने पति को कंपनी देने पहुंची हैं। हाल ही में मैच के बाद इंडियन टीम के मेंबर्स एक–दूसरे के साथ क्वॉलिटी टाइम स्पेंड करते दिखे।

**21 फरवरी से शुरू होगी टेस्ट सीरीज**

भारतीय टीम ने न्यू जीलैंड को टी20 इंटरनैशनल सीरीज में मात दी। भारत ने पांच मैचों की सीरीज 5–0 से जीती। लेकिन इसके बाद कीवी टीम ने वापसी करते हुए वनडे इंटरनैशनल सीरीज में 3–0 से भारतीय टीम को हराया। अब दोनों देशों के बीच दो टेस्ट मैचो की सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज की शुरुआत 21 फरवरी से होगी।

**जीरो में आई थीं नजरः** प्रफेशनल फ्रंट की बात करें तो अनुष्का आखिरी बार फिल्म जीरो में शाहरुख खान और कटरीना कैफ के साथ नजर आई थीं। अब वह वह झूलन गोस्वामी की बायॉपिक में दिखेंगी।

# टीम में जगह के लिए पृथ्वी के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं: गिल

**क्रिकेट**

## मौका मिला तो शुभमन गिल इसे बर्बाद नहीं होने देंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हैमिल्टन। भारत के प्रतिभावान बल्लेबाज शुभमन गिल ने गुरुवार को जोर देते हुए कहा कि न्यू जीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में सलामी बल्लेबाज के स्थान के लिए उनकी साथी युवा बल्लेबाज पृथ्वी साव के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं है लेकिन अगर उन्हें मौका मिला तो वह इसे बर्बाद नहीं होने देंगे। यहां न्यू जीलैंड ए के खिलाफ दोहरा शतक और शतक जड़ने वाले गिल ने अपने प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा है। हालांकि 21 फरवरी से वेलिंगटन में शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए पृथ्वी का दावा भी मजबूत है। भारत के पूर्व अंडर–19 कप्तान के साथ प्रतिस्पर्धा के बारे में पूछे जाने पर गिल ने कहा, 'बेशक, हमारे करियर एक ही समय पर शुरू हुए लेकिन कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है।'



गिल और साव दोनों 20 बरस के हैं और आयु वर्ग के क्रिकेट में ढेरों रन बनाने के बाद उन्हें भविष्य का स्टार माना जा रहा है। न्यू जीलैंड एकादश के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे अभ्यास मैच से पूर्व 20 साल के गिल ने कहा, 'हम दोनों ने अपने स्थान पर अच्छा प्रदर्शन किया है। यह टीम प्रबंधन पर निर्भर करता है कि वे किसे खिलाते हैं। ऐसा नहीं है कि हमारे बीच कोई संघर्ष है। जिसे भी मौका मिलता है वह उसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा और उसे बर्बाद नहीं होने देगा।'

गिल पिछले छह हफ्ते से भारत ए टीम के साथ न्यू जीलैंड दौरे पर हैं और उनका मानना है कि अगर शार्ट पिच गेंदबाजी से भारतीय टीम ने पार पा लिया जो इससे काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि उनके गेंदबाज शॉर्ट गेंद के साथ काफी विकेट लेते हैं विशेषकर नील वैगनर। अगर आप ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी पिछली सीरीज देखें, जब विकेट से कोई मदद नहीं मिल रही थी, वे शॉर्ट गेंदबाजी पर काफी निर्भर थे।'

गिल ने कहा, 'एक बल्लेबाज के रूप में अगर हम इसे तस्वीर से हटा देते हैं और उन्हें शार्ट गेंद पर विकेट नहीं देते हैं तो यह हमारे लिए काफी मददगार होगा।' गिल ने साथ ही कहा कि 21 फरवरी से वेलिंगटन में होने वाले पहले टेस्ट में हवा की भूमिका अहम होगी। उन्होंने कहा, 'हवा काफी महत्वपूर्ण चीज होगी, विशेषकर जब आप बल्लेबाजी कर रहे हो तब। गेंदबाज हवा को लेकर काफी योजना बनाएंगे। गेंद को लगातार हुक और पुल करना आसान नहीं था।'

न्यू जीलैंड में अच्छा प्रदर्शन कर चुके गिल को इंग्लैंड में लाल ड्यूक गेंद का सामना करना अधिक चुनौतीपूर्ण लगता है क्योंकि अधिक स्विंग मिल रही होती है। उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड में गेंद अधिक स्विंग होती है और न्यू जीलैंड की तुलना में विकेट से भी अधिक मूवमेंट मिलती है।

# ओलिंपिक क्वॉलिफायर्स से पहले नंबर–1 मुक्केबाज बने पंघल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। विश्व मुक्केबाजी चौम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाले भारतीय मुक्केबाज अमित पंघल को अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (आईओसी) के मुक्केबाजी कार्यबल ने अगले महीने होने वाले ओलिंपिक क्वॉलिफायर्स से पहले 52 किग्रा भार वर्ग में नंबर वन रैंकिंग दी है। मुक्केबाजी कार्यबल द्वारा जारी सूची के अनुसार, पंघल 420 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं।

कार्यबल फिलहाल ओलंपिक खेलों के लिए मुक्केबाजी का संचालन कर रहा है। 24 साल के पंघल पिछले 10 साल से भी अधिक समय में इस श्रेणी में शीर्ष वैश्विक रैंकिंग हासिल करने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए हैं।



उनसे पहले ओलंपिक कांस्य पदक विजेता विजेंदर सिंह ने 2009 में शीर्ष रैंकिंग हासिल की थी। उस समय उन्होंने इटली के मिलान में आयोजित विश्व चौम्पियनशिप के 75 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता था। पंघल ने इससे पहले कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि तोक्यो ओलिंपिक में भारत की झोली में कम से कम दो स्वर्ण पदक आएंगे। उन्होंने कहा था, 'हम कम से कम दो स्वर्ण पदक की उम्मीद के साथ टोक्यो ओलंपिक जाएंगे। हम और ज्यादा पदक जीत सकते हैं। लेकिन टोक्यो ओलंपिक में भारतीय मुक्केबाजों से कम से कम दो स्वर्ण पदक की उम्मीद किया जा सकता है।'

ओलिंपिक क्वॉलिफायर्स पहले तीन से 14 फरवरी तक चीन के वुहान में था। लेकिन कोरोनावायरस के कारण अब इसे जॉर्डन शिफ्ट कर दिया गया है, जहां तीन से 11 मार्च तक इसका आयोजन होना है। महिलाओं की रैंकिंग में अनुभवी मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम 51 किग्रा में 225 अंकों के साथ पांचवें नंबर पर है।

## बुमराह को आक्रामक होने और अतिरिक्त जोखिम उठाने की जरूरतः जहीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान को लगता है कि जसप्रीत बुमराह को न्यू जीलैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए अधिक आक्रामक होने के अलावा अतिरिक्त जोखिम उठाने की जरूरत है। हाल में वनडे सीरीज में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला था। पिछले साल स्ट्रेस फ्रेक्चर के कारण चार महीने क्रिकेट से दूर रहने वाले बुमराह ने न्यू जीलैंड के खिलाफ सभी तीन वनडे खेले, उन्होंने 30 ओवरों में 167 रन दिए लेकिन कोई विकेट हासिल नहीं कर सके।

जहीर ने कहा कि प्रतिद्वंद्वी बल्लेबाजों को अब बुमराह के खिलाफ खेलने में ज्यादा सतर्क होना होगा जबकि इस तेज गेंदबाज को फॉर्म में वापसी के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। जहीर ने 'क्रिकबज डॉट काम' से कहा, 'जब आप ऐसी ख्याति हासिल कर लेते हो जैसे कि जसप्रीत बुमराह ने इतने वर्षों में हासिल की है तो आपको इससे जूझना होता है। '

उन्होंने कहा, 'बुमराह को इसे समझना होगा कि उसे ये विकेट हासिल करने के लिये थोड़ा अतिरिक्त आक्रामक होना होगा। बुमराह को अतिरिक्त जोखिम लेने की जरूरत है।'

## न्यूज डायरी



### माइकल क्लार्क और पत्नी काइली ने शादी के सात साल बाद लिया तलाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ऑस्ट्रेलिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क और उनकी पत्नी काइली ने शादी के सात साल बाद तलाक लेने की घोषणा कर दी है। इन दोनों की शादी मई 2012 में हुई थी। इस जोड़े की चार साल की एक बेटी भी है जिसका नाम केलसी ली है। बुधवार को द ऑस्ट्रेलियन में इस जोड़े ने एक बयान जारी किया, कुछ समय तक अलग रहने के बाद, हमने सौहार्द्र से अलग होने का फैसला किया है। उन्होंने आगे कहा, हमारे मन में एक–दूसरे के प्रति गहरा सम्मान है। हम दोनों सहमति से अलग हो रहे हैं। यह हम दोनों के लिए अच्छा है और हम दोनों मिलकर अपनी बेटी की देखभाल भी करेंगे। उन्होंने आगे कहा, हमारे मन में एक–दूसरे के प्रति गहरा सम्मान है। हम दोनों सहमति से अलग हो रहे हैं। यह हम दोनों के लिए अच्छा है और हम दोनों मिलकर अपनी बेटी की देखभाल भी करेंगे।

### खेलों इंडिया विश्वविद्यालय खेलों से नई प्रतिभा सामने आएगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। भारतीय महिला हाकी टीम की कप्तान रानी का मानना है कि आगामी खेल इंडिया विश्वविद्यालय खेलों से देश भर में नई खेल प्रतिभा को सामने लाने में मदद मिलेगी। हाल में देश का चौथा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म श्री से नवाजी गई 25 साल की रानी से सरकार की पहल की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में देश को इससे काफी फायदा मिलेगा। रानी ने कहा, ''मेरा मानना है कि खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल युवा मामलों और खेल मंत्रालय की शानदार पहल है। उन्होंने सबसे पहले खेलो इंडिया युवा खेल शुरू किए और अब खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल, अगर आप वैश्विक परिदृश्य में देखें तो ये शानदार हैं। '' उन्होंने कहा, ''अन्य देशों में अधिकतर खिलाड़ी किसी ना किसी प्रारूप में विश्वविद्यालय स्तर पर खेलने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलते हैं और अब भारत में भी इसी तरह की रणनीति लागू होने के बाद, हमें विश्वविद्यालय स्तर पर और अधिक प्रतिभावान खिलाड़ी मिलेंगे, उसी तरह जैसे खेल इंडिया युवा खेलों से हमें प्रतिभावान युवा खिलाड़ी मिल रहे हैं।

### रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर ने सोशल मीडिया से हटाई तस्वीर और बदला नाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल में विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर (त्ब्ठ) सोशल मीडिया पर नए रूप में आने की तैयारी कर रही है। अपने नए स्वरूप में आने से पहले इस फ्रैंचाइजी ने अपनी फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम और यूट्यूब प्रोफाइल से अपनी तस्वीर गायब कर ली है और ट्विटर पर अपना नाम भी बदल दिया है। मजेदार बात यह है कि अब अपने नए नाम और नई तस्वीर को लेकर फ्रैंचाइजी क्या करने जा रही है इसकी जानकारी न तो कप्तान विराट कोहली को है और न ही टीम के किसी खिलाड़ी को। अभी तक विराट कोहली समेत युजवेंद्र चहल और एबी डिविलियर्स ने आरसीबी को ट्वीट कर यही हैरानी जताई है कि आखिर यह माजरा क्या है। विराट ने तो ट्वीट कर आरसीबी को अपनी मदद की भी पेशकश दे डाली है।

### हर भारतीय को हिन्दी आनी चाहिए, छिड़ा विवाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कर्नाटक और बड़ौदा के बीच खेले जा रहे रणजी मुकाबले के दौरान बीसीसीआई के एक कॉमेंटेटर के बयान से नया विवाद शुरू हो गया है। गुरुवार को मैच के दौरान ही उन्होंने कहा, श्हर भारतीय को हिन्दी आनी चाहिए क्योंकि यह हमारी मातृभाषा है। ́बड़ौदा की पारी के दूसरे ओवर के दौरान जब दो में से एक कॉमेंटेटर ने कहा, मुझे अच्छा लगता है कि सुनील गावसकर हिन्दी में कॉमेंट्री कर रहे हैं साथ ही अपनी कीमती राय भी वह इसी भाषा में दे रहे हैं। मुझे यह भी अच्छा लगता है कि वह डॉट बॉल को शबिंदीश बॉल कहते हैं। इस पर दूसरे कॉमेंटेटर ने जवाब दिया, हर भारतीय को हिन्दी आनी चाहिए। यह हमारी मातृभाषा है।